Date :- 06-07-2025
Rajasthan Patrika, Page - 04, Surat

सूरत में मेट्रो प्रोजेक्ट में तेजी, दिसंबर 2025 तक रेलवे स्टेशन-चौक टनल होगी तैयार

# 2026 में ड्रीम सिटी-सरथाणा कॉरिडोर पर दौड़ेगी मेट्रो

### अलथाणा गांव से अलथाण टेनामेंट तक 750 मीटर ट्रेक बिछाने का कार्य पूरा

### ड्रीम सिटी से सोहम सर्कल तक के ट्रेक का कार्य होगा शुरू



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सूरत. सूरतवासियों के लिए मेट्रो में सफर का इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) के अनुसार, वर्ष 2026 की शुरुआत में ड्रीम सिटी से सरथाणा कॉरिडोर पर मेट्रो ट्रेन का परिचालन शुरू हो जाएगा। इस रूट पर निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अलथाण गांव से अलथाण टेनामेंट तक 750 मीटर रेलवे ट्रैक बिछाने का कार्य पूरा हो चुका है, और अब ड्रीम सिटी से सोहम सर्कल तक ट्रैक बिछाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। साथ ही, सूरत रेलवे स्टेशन से चौक बाजार तक की अंडरग्राउंड टनल का निर्माण भी दिसंबर 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है।

सूरत मेट्रो प्रोजेक्ट की शुरुआत वर्ष 2021 में हुई थी, जिसमें ड्रीम सिटी-सरथाणा और सारोली-भेसाण कॉरिडोर का निर्माण शामिल है। ड्रीम सिटी-सरथाणा रूट पर कार्य तेजी से प्रगति कर रहा है। जीएमआरसी अधिकारियों का दावा है कि इस रूट पर 2026 की शुरुआत में मेट्रो ट्रेन शुरू हो जाएगी। जहां सिविल कार्य पूरे हो चुके हैं, वहां ट्रैक बिछाने का काम शुरू हो गया है। अलथाण गांव से अलथाण टेनामेंट तक 750 मीटर ट्रैक तैयार है, और सरथाणा वायडक्ट के पास भी ट्रैक बिछाने की तैयारियां चल रही हैं।

## आगे की योजना

जीएमआरसी का लक्ष्य सूरतवासियों को विश्वस्तरीय परिवहन सुविधा प्रदान करना है। ड्रीम सिटी-सरथाणा कॉरिडोर के बाद सारोली-भेसाण कॉरिडोर पर भी कार्य तेजी से पूरा करने की योजना है। यह मेट्रो परियोजना शहर की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी और यात्रियों को समय व सुविधा दोनों प्रदान करेगी।

### एलिवेटेड और अंडरग्राउंड रूट का संयोजन

ड्रीम सिटी-सरथाणा कॉरिडोर में मेट्रो ट्रेन एलिवेटेड और अंडरग्राउंड दोनों मार्गों से चलेगी। वराछा में अप और डाउन टनल का निर्माण पूरा हो चुका है, और वहां ट्रैक बिछाने का कार्य जल्द शुरू होगा। सूरत रेलवे स्टेशन से चौक बाजार तक की टनल का निर्माण भी तेजी से चल रहा है, जो दिसंबर 2025 तक तैयार हो जाएगी। यह प्रोजेक्ट सूरत की यातायात व्यवस्था को सुगम और आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।